## एक नजर में

### पेंशन शिविर के निराकरण के लिये कैंप 10 सितम्बर को

**गुना।** जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय ने बताया हैं कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए कैम्प का आयोजन जिला पेंशन कार्यालय में 10 सितम्बर को किया जायेगा। इस कैम्प में समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपने लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करा सकते है।

### अब तक 1645 .6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 1645.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 156.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1019.3 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋ्तु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 08 सितम्बर 2025 प्रातः 8ः00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1901.6 मिलीमीटर, बमौरी में 1663.4, आरोन में 1372.0, राघौग? में 1548.0, चांचौड़ा में 1589.0, कुम्भराज में 1645.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1800.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 1.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 6.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 2.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

# नदी बनी मौत का कुआं : नहाने गई नाबालिग डूबी, तीन दिन में पांच लोगों ने गंवाई जान

नवभारत न्यूज

**गुना 8 सित. का। जिले में बारिश के मौसम के साथ नदियों और तालाबों में डूबने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सोमवार सुबह राघौगढ़ थाना क्षेत्र के जंजाली चौकी के अंतर्गत बेरा खेड़ी गांव में 12 वर्षीय बच्ची आराधना राव की पार्वती नदी में डूबने से मौत हो गई।**

घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है और नदी किनारे लोगों की भीड़ जुटी रही।

**पिता के सामने ही गहरे पानी में समा गई मासूम**

मिली जानकारी के अनुसार, आराधना सुबह लगभग 9 बजे अपने पिता रघुराज सिंह राव के साथ नदी में नहाने गई थी। पिता खेती किसानी करते हैं और गांव से लगे नदी किनारे ही परिवार के साथ रहते हैं। बताया गया कि नहाते समय बच्ची अचानक गहरे पानी में चली गई। पिता को तैरना नहीं आता था, इसलिए वे अपनी बेटी को बचा नहीं पाए। घबराए पिता ने तुरंत ग्रामीणों को आवाज दी और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।



**एसडीईआरएफ की टीम कर रही सर्चिंग**

सूचना मिलने पर गुना से एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नदी में बच्ची की तलाश शुरू की। देर शाम तक सर्चिंग का काम जारी रहा, लेकिन नदी का बहाव और गहराई होने के कारण टीम को दिक्कतें आ रही थीं। ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे और बच्ची को ढूंढने में मदद करते रहे।

**जिले में डूबने की घटनाओं की लंबी फेहरिस्त**

पिछले तीन दिनों में जिले के अलग-अलग हिस्सों में पांच लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। शनिवार को फतेहगढ़ इलाके में दो युवक नदी में बह गए थे। सोमवार सुबह उनके शव घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर पेड़ से अटके हुए मिले। रविवार को चांचौड़ा क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई थी। वहीं दो दिन पहले शहर के चिंताहरण क्षेत्र में एक नाबालिग तालाब में समा गया था। फतेहगढ़ क्षेत्र में बारिश के बीच नदी में बहे दो लोगों के शव मिले

इधर फतेहगढ़ क्षेत्र में 5-6 सितंबर को तेज बारिश के बीच नदी में बहे दो लोगों के शवों को आज नदी से निकाल लिया गया है। दोनों मृतक फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आनापुरा एवं बीलाखेड़ा के बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कन्ना बंजारा पुत्र पैमा बंजारा (60) निवासी बीलाखेडा 6 सितंबर को अपने खेत पर गया था, इसके बाद वह घर वापस नहीं लोटा था। परिजनों द्वारा उसके नदी में बहने की आशंका जताई गई थी। इसी बीच आज सींगाखेडी गांव के नीचे सुबह करीब 8 बजे क्षेत्र में बहने वाली उपरेती नदी में जामुन के पैड़ में फंसी हुई उसकी लाश मिली। इसके अलावा आनापुरा निवासी वृधद घासीलाल की भी नदी से लाश मिली है। बताया जाता है कि भैंस चराने के दौरान वह नदी में बह गया था। नदी में खोजबीन के दौरान फतेहगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शवों को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अपहृत नाबालिग किशोरी को किया दस्तयाब

जिले के आरोन थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 सितंबर 2025 को आरोन थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो उसी दिन उसके पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर आरोन थाने में अपराध क्रमांक 423/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू की। किशोरी की तलाश के लिए पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।



## जमीनी विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या, मामला खेजरा चक का

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम खेजरा चक में सोमवार सुबह जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई इस वारदात में 30 वर्षीय युवक खेरु पारदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक खेरु पारदी की भैंसे पड़ोसी रामपूजन पारदी के खेत में घुस गई थीं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने गाली-गलौज कर खेरु पर गोली चला दी। जानकारी के अनुसार लगभग 9 बजे तीन लोग आए और उस पर फायरिंग शुरू कर दी। छर्रे सीधे खेरू को लगे। इससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद सभी भाग गए। परिवार वाले उसे लेकर पहले निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल लेकर आए। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या ने समाज की महिलाएं अस्पताल में एकत्रित हो गईं। इधर, जिला अस्पताल परिसर में पुलिस ने भारी बल तैनात कर दिया है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अस्पताल में मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक खेरु पारदी की सात बच्चियां हैं।

अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सेवा भारती गुना ने सुपोषण सप्ताह का किया शुभारंभ




**गुना।** सेवा भारती गुना द्वारा 8 से 14 सितंबर तक मनाए जाने वाले सुपोषण सप्ताह का शुभारंभ जिला कार्यालय में संगोष्ठी के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समाजसेवियों ने सुपोषण के महत्व पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. एम.एल. मंगल ने कहा कि कुपोषण कई गंभीर बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। संतुलित आहार न केवल बच्चों बल्कि हर आयु वर्ग के लिए आवश्यक है। सेवा भारती के जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय ने कहा कि शिशु के सुपोषण की शुरुआत मां के आहार से होती है। विशेषकर 0 से 3 वर्ष की आयु में बच्चों को उचित पोषण देना बेहद आवश्यक है, क्योंकि इसी समय उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि की नींव पड़ती है। कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, अन्नपूर्णा भोजनालय अध्यक्ष काशीराम उरैया, विभाग समन्वयक प्रमोद यादव, भंवरलाल पंत, सुनील पांडेय, राजेश चौहान, सुनील भार्गव, भोला शंकर भार्गव, जगदीश साहू, नरेंद्र सेंगर, डॉ. आर.बी. शर्मा, कमलापति सोनी, रामबाबू कश्यप और समाजसेवी प्रमोद भार्गव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मधुसदूनगढ़ पुलिस ने किया लूट का राजफाश, आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूट की वारदात का खुलासा महज 24 घंटे में कर दिया। राजगढ़ जिले के गुलखेड़ी निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 हजार रुपये नगद और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आरोपी ने घटना के बाद 20 हजार रुपये जुए और शराब में खर्च करने की बात कबूल की है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दीकी के पर्यवेक्षण में की गई। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव और उनकी टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे चुनौती के रूप में लिया और लगातार प्रयासों के बाद आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की।




**पेट्रोल पंप के पास हुई थी लूट**

6 सितंबर को फरियादी कमल सिंह (42) निवासी ग्राम विशनखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 सितंबर को चौधरी पेट्रोल पंप, मधुसूदनगढ़ के पास उसके हाथ में रखी साफी, जिसमें 80 हजार रुपये और दस्तावेज थे, को एक अज्ञात व्यक्ति छीनकर भाग गया। घटना दर्ज होते ही पुलिस ने अपराध क्रमांक 145/25 धारा 309(4) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना पर आरोपी की पहचान राजगढ़ जिले के ग्राम गुलखेड़ी, थाना बोडा निवासी सावंत सिसोदिया के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की और मुखबिर की पुख्ता जानकारी पर उसे राजगढ़ जिले के पचोर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 60 हजार रुपये नगदी और दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपी ने पूछताछ में शेष 20 हजार रुपये जुआ और शराब में खर्च करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को 8 सितंबर को न्यायालय में पेश किया। इस चुनौतीपूर्ण प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी संदीप यादव, उकावद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रवि कुमार भिलाला, उपनिरीक्षक अंजली गुप्ता, सउनि अजय सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक संदीप कुमार, प्रधान आरक्षक पप्पु चंदेल, आरक्षक नीलेश रघुवंशी, रानू रघुवंशी, अजय कंषाना, नवदीप अग्रवाल (थाना सिरसी), पुष्पेंद्र सिंह, देवसिंह, रंजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विनीत मोर्य, महेंद्र वर्मा, रामनिवास, चालक आफाक उद्दीन, हेमा चंदेल तथा साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की विशेष भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने गुना पुलिस का विशेष अभियान शुरू

**गुना।** प्रदेश में बढ़ती सडक दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मृत्युदर को कम करने के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 15 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 8 सितंबर से 22 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने जिलेभर में इस अभियान को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के वाहन चलाने, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन चलाने, गलत साइड में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान के शुभारंभ के मौके पर बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार ने पुलिस स्टाफ के साथ दोपहिया वाहन रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को सडक सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। बस स्टैंड पर लाउडस्पीकर से जनता से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में आमजन को यातायात नियमों के महत्व की जानकारी दी गई। लोगों में पेम्पलेट बांटकर हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग, वाहन चलाते समय सतर्कता और शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इसी क्रम में यातायात थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह ने नीलवर्ल्ड स्कूल में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्रों को यातायात नियमों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा ही जीवन सुरक्षा है, इसलिए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से बचें, मोबाइल फोन का उपयोग न करें और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें। विद्यार्थियों को राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना और हिट एंड रन योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में यातायात प्रभारी ने कहा कि जीवन अमूल्य है और इसकी सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है।




## गाली-गलौज के बाद मारपीट, युवक घायल

**गुना।** जिले के रूठियाई चौकी क्षेत्र में गत रात विवाद के बाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। फरियादी बंटी अहिरवार (22) निवासी दुहावद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात लगभग 9 बजे अपनी बहन सीमा के घर ग्राम मांची में था। इसी दौरान करण सिंह और नैनकराम वहां पहुंचे और मां-बहन को गंदी-गंदी गालियां देने लगे। करण सिंह ने भी उसे लात-घूंसों से मारा और जमीन पर पटक दिया। घटना में उसे पेट और दाहिनी कोहनी पर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लक्ष्मण और नन्नू अहिरवार ने बीच-बचाव किया।

## श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर पर क्षमा वाणी पर्व मनाया

**गुना।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर पर सोमवार को क्षमा वाणी पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर दोपहर 1:30 बजे से एक घट यात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संतशाला चौधरी मोहल्ला पहुँची। यहां उपस्थित निर्यापक मुनि 108 योगसागर जी महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त कर यात्रा पुनः बाजार मंदिर पहुँची। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के मंत्री धर्मेंद्र बज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन का कार्य ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष राजेंद्र टोंग्या, समाज के मंत्री अनिल जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। तत्पश्चात आचार्य श्री की पूजन की गई, जिसमें विभिन्न संस्थाओं ने सहभागिता करते हुए आचार्य श्री को अर्घ्य अर्पित किया। धर्मसभा में मुनि श्री निर्मोहसागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में क्षमा धर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि क्षमा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हृदय से मांगी और दी जानी चाहिए। हमें उन व्यक्तियों से अवश्य क्षमा मांगनी चाहिए, जिनसे कभी राग-द्वेष रहा हो। वहीं ज्येष्ठ श्रेष्ठ आचार्य मुनिश्री योगसागरजी महाराज ने अपने उद्बोधन में पूरे गुना शहर में एक साथ क्षमा वाणी पर्व मनाए जाने पर बल दिया।





## समर्पण और सेवा की मिसाल बनीं सरोज मदान, श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न

**गुना।** दलवी नगर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें ब्रह्मलीन बहन सरोज मदान के प्रेरणादायी जीवन को स्मरण किया गया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज नारायण दास के सानिध्य में बड़ी संख्या में संत महात्मा, श्रद्धालु और परिजन उपस्थित रहे। जोनल इंचार्ज ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बहन सरोज मदान ने जीवनभर निरंकारी मिशन के आदर्शों को आत्मसात कर सेवा और समर्पण का मार्ग चुना। 2 सितंबर 1947 को हरिद्वार में जन्मी मदान जी ने मात्र छह वर्ष की आयु में ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया। वर्ष 1969 में उनका विवाह ब्रह्मलीन महात्मा गुलशन मदान के साथ निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह के सानिध्य में संपन्न हुआ। विवाह के बाद वे गुना आकर बस गईं और यहां निरंकारी मिशन के प्रचार-प्रसार में महात्मा भटियानी जी के साथ सक्रिय योगदान दिया। शिक्षा विभाग में सेवाएं देते हुए सरोज मदान ने प्रधानाध्यापक पद तक की जिम्मेदारी निभाई और 2009 में सेवानिवृत्त हुईं। 4 सितंबर 25 को 78 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन होने के बाद उनके परिजनों की सहमति से उनका पार्थिव शरीर शिवपुरी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने उनके निवास स्थान न्यू सिटी कॉलोनी तथा कॉलेज परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानित किया।

**बैठक** | **पुलिस अधीक्षक ने सुझाया एचएफएल लाइन पर वृक्षारोपण का मॉडल**

# गुनिया नदी सौंदर्यीकरण को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज गुनिया नदी की कार्य प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में गुनिया नदी के कार्य शुरू होने से पूर्व का ड्रोन वीडियो प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही वर्तमान स्थिति का भी ड्रोन वीडियो दिखाया गया। इसके बाद पीपीटी के माध्यम से क्रमबद्ध तरीके से अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक की कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने बैठक में बताया यह अभियान लगातार चलता रहेगा और चरणबद्ध तरीके से श्रमदान की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। इसमें प्रशासनिक टीम, पुलिस टीम, डॉक्टर टीम, मीडिया कर्मी एवं अन्य समूह के लिए श्रमदान की कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और नदियों को स्वतंत्र रूप देना है, जिसके लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।




### राजस्व के विभिन्न नक्शों से नदी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की

बैठक में यह भी जानकारी दी गई श्रमदान के दौरान कई लोग प्रभावित होकर नदी सौंदर्यीकरण हेतु सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं। विभिन्न समुदायों एवं प्रशासन द्वारा किए गए श्रमदान की जानकारी भी बैठक में साझा की गई। एसडीएम शिवानी पाण्डेय ने राजस्व के विभिन्न वर्षों के नक्शों के माध्यम से भी नदी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की। बैठक में उपस्थित कई लोगों ने बैठक में ही आर्थिक सहयोग दिया एवं सभी ने श्रमदान का संकल्प भी लिया। बैठक के समापन पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा प्रशासन की सदैव यह मंशा रही है कि प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित किया जाए। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा वर्तमान में आर्थिक सहयोग और श्रमदान के रूप में जो योगदान मिल रहा है, वह शहर के लिए स्मरणीय रहेगा।

उन्होंने बताया नदी किनारे पेवर्स लगाकर व्यू पॉइंट्स विकसित करने एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और स्टेप डेम बनाने पर भी कार्य योजना बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट को नमामि गंगे योजना से जोड़ने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, विकास जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी, डीएफओ अक्षय राठौर, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय, सीएमओ मंजुषा खत्री सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया जिस दिशा में नदी या नाला बहता है, चाहे वह भूमि शासकीय हो या निजी, वहां किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा अभी एचएफएल पॉइंट पर पिलर लगाए जा रहे हैं और इसके दोनों ओर 30 मीटर तक किसी भी प्रकार की कंस्ट्रक्शन परमिशन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग तथा नगरपालिका द्वारा नहीं दी जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी ने भी सुझाव दिया इन पिलरों के बीच लंबे वृक्ष लगाए जा सकते हैं, जो एचएफएल लाइन को दर्शाएंगे। बैठक में टेक्निकल टीम ने जानकारी देते हुए बताया यदि किसी स्थान पर परमिशन मिल भी जाए और निरीक्षण के दौरान वह स्थान विवादास्पद पाया जाता है, तो उस परमिशन को स्वतः निरस्त ही निरस्त माना जाता है। टीम ने स्टॉप डेम निर्माण और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का भी सुझाव दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने बताया अब तक लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की राशि सहयोग स्वरूप एकत्रित की गई है। इसमें से लगभग 63 हजार रुपए खर्च किए गए हैं, शेष राशि से कार्य प्रगति पर है। अभी भी लगातार जनसहयोग से गुनिया नदी के पुनरुत्थान के लिए राशि दी जा रही है। एवं जनसहयोग से जो मशीनरी भी उपलब्ध कराई गई उसकी जानकारी भी साझा की गई। उन्होंने यह भी बताया नदी किनारे लगाए जा रहे पौधों की सुरक्षा हेतु आमजन अपने परिजनों की स्मृति में प्लांट गार्ड भी सहयोग स्वरूप दे सकते हैं, जिस पर बैठक में उपस्थित लोगों ने सहयोग देने की सहमति जताई।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

**गुना।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान गुना एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण गुना के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें असाक्षरों के सर्वाधिक पंजीयन अक्षर साथियों के सर्वाधिक पंजीयन तथा साक्षरता कक्षाओं के नियमित संचालन आदि कार्य सम्पादन कराने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विकास खंड सह समन्वयक साक्षरता प्रद्युमन शर्मा, संकुल सह समन्वयक चंद्रभान सिंह रघुवंशी, दामोदर धाकड़, जलील अहमद, हेमंत वर्मा, प्रमोद भार्गवआदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।